## हाथियों से बचने के लिए दरवाजों पर ठोंक दीं कीलें

### बांधवगढ़ में बनाया एलीफेंट प्रूफ कैम्प, हाथी ऐसे दरवाजे नहीं तोड़ पाते

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मौजूदा समय में यहां 60 से ज्यादा जंगली हाथी देखे जा रहे हैं। हाथियों की बढ़ती मूवमेंट के कारण जंगल में तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'एल दरवाजों में लगाई गई कीलें, हाथी नहीं तोड़ पाते ये कैंप दो मंजिला होते हैं और इन्हें खास डिज़ाइन के साथ तैयार किया गया है।

दरवाजों में ऐसी कीलें लगाई जाती हैं और चारों तरफ कांटेदार तार लगाए जाते हैं ताकि हाथी इन्हें तोड़ न सकें। हाथी जब भी आसपास दिखाई देते हैं तो कर्मचारी ऊपरी मंजिल पर चले जाते हैं, जहां वे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं।

महावत धन्नूलाल बताते हैं कि ये कैंप हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं। हाथी



इन कैंप में घुस नहीं सकते और हम आराम से काम कर सकते हैं। टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि इन कैंपों की डिज़ाइन इस तरह तैयार की गई है कि अंदर मौजूद कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।



कैम्प के चारों ओर कांटेदार तार का घेरा-दीवारें ऊंची होती हैं, कांटेदार तार चारों ओर लगाए जाते हैं और दरवाजे भी बेहद मजबूत होते हैं। ये पूरा इंतजाम इस तरह से किया गया है कि कर्मचारी सुरक्षित रह सकें और हाथियों की वजह से उनके जीवन को खतरा न हो।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर-बरही मार्ग पर 20 से अधिक हाथी सड़क पार करते दिखे, वन विभाग की टीम अलर्टउमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों का एक बड़ा झुंड देखा गया। गुरुवार की शाम पतौर-बरही मार्ग पर 20 से अधिक हाथियों ने सड़क पार की।इस झुंड में बच्चे भी शामिल थे।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों में वर्तमान में 60 से 80 हाथी विभिन्न क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं।

हाथियों की गतिविधियों की जानकारी मिलते ही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने निगरानी बढ़ा दी है। वन विभाग की गश्ती गाड़ियां क्षेत्र में तैनात की गई हैं। पतौर परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल के अनुसार, हाथियों का झुंड सड़क पार कर जंगल की ओर बढ़ गया है। वन विभाग ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सुरक्षा के लिए विशेष टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सौरभ अग्रवाल द्वारा विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नावालिक छात्रों से मजदूरी करवाई जाती है इस पर अंकुश लगाने के उपायों को प्रस्तुत किया गया। हर वर्ष 12 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों से श्रम कराए जाने की अमानवीय प्रथा को समाप्त करना और उन्हें शिक्षा, खेल तथा सुखद बाल्यावस्था का अधिकार दिलाना है।

अंजू लता पांडे द्वारा बताया गया कि हर वर्ष 12 जून को 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि बच्चे किसी भी प्रकार के शारीरिक, मानसिक या आर्थिक शोषण के शिकार न हों और उनका बचपन शिक्षा व संस्कार से परिपूर्ण हो।

**बल श्रम की स्थिति**- विश्व भर में लाखों बच्चे गरीबी, अशिक्षा, पारिवारिक मजबूरी या तस्करी जैसी स्थितियों के चलते मजदूरी करने को मजबूर हैं। निर्माण कार्य, घरेलू नौकर, फैक्ट्रियों, चाय की दुकानों, ईंट भट्टों, कृषि कार्य और खतरनाक उद्योगों में इन मासूमों को कार्य कराया जाता है।

बचपन में श्रम करने से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। उन्हें उचित शिक्षा नहीं मिल पाती और वे अपने भविष्य से वंचित हो जाते हैं। इससे समाज में बेरोजगारी, अपराध और गरीबी का चक्र चलता रहता है।

बच्चों को शिक्षा दो, बचपन दो, सम्मान दो। इसके लिए ज़रूरी है कि माता-पिता को जागरूक किया जाए, शिक्षा को अनिवार्य और सुलभ बनाया जाए, कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए (जैसे बाल श्रम निषेध अधिनियम), समाज और सरकार मिलकर ऐसे बच्चों को पुनर्वास और सहायता प्रदान करें। बचपन वह नींव है जिस पर भविष्य का निर्माण होता है। यदि हम बच्चों को बोझ नहीं, अवसर देंगे, तो समाज और देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा।

## सार-समाचार

### स्कूटी में छिपा कर रखा था एक किलो गांजा

**शहडोल, देशबन्धु।** सोहागपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सोहागपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अमरनाथ कुशवाहा निवासी ।कोनी अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु छतवई बिजली ऑफिस के पीछे स्कूटी में खड़ा है। सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये छतवई बिजली ऑफिस के पीछे पहुंची तो एक व्यक्ति स्कूटी में बैठा दिखा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अमरनाथ उम्र 60 वर्ष निवासी कोनी बताया। पुलिस द्वारा उसकी व स्कूटी की तलाशी लेने पर स्कूटी की डिग्गी में से 01 किलो 230 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त मादक पदार्थ गांजा एवं स्कूटी को जप्त कर आरोपी अमरनाथ के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पाण्डेय के नेतृत्व में सउनि संतोष कोल, प्रधान आरक्षक मनहरण पाण्डेय, मनोज शुक्ला एवं लक्ष्मी प्रसाद पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का करें निराकरण : कलेक्टर

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो की समीक्षा की तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों में सी एम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों तथा निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल और डीपीसी अमरनाथ सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी वर्चुअली रूप से उपस्थित थे।

### आदिम जाति कल्याण विभाग में चल रहा संलग्निकरण का खेल

#### सरकार के आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला आदिम कल्याण विभाग में पर्याप्त लिपिक एवं कर्मचारी होने के बाद भी अनेक कर्मचारी नियम विरुद्ध अटैचमेंट किए गए हैं जो शिक्षक के स्थान पर लिपिक का कार्य देख रहे हैं जबकि अनेक विद्यालय एवं छात्रावास में शिक्षक पढ़ाने वाले नहीं हैआदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के भी अनेक शिक्षकों को अधीक्षक का प्रभार मनमाने ढंग से दिया गया है जबकि विभाग में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक पदस्थ हुए हैं जो आदिम जाति कल्याण विभाग के ही हैं लेकिन शिक्षा विभाग के शिक्षक किस नियम के तहत संलग्न किए हुए हैं यह समझ से परे हैं उदाहरण के तौर पर कार्यालय में शिक्षक योगेश पटेरिया तथा योजना ठाकुर को संलग्न कारण कर रखा है जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि जिसकी पदस्थापना जहां है वहां पर उसको भेजा जाए किसीभी प्रकार का संलग्न कारण नहीं किया जाए लेकिन आदिम जाति विभाग में मनमाने ढंग से यह खेल चल रहा है।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने अहमदाबाद हादसे में मृतक लोगों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पन्ना, देशबन्धु।** गत दिवस अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटना ग्रस्त हुआ जिसमें दो सैकड़ा से अधिक लोग काल के गाल में समा गए उक्त भीषण दुर्घटना में मृत लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गहन शोक व्यक्त किया तथा 2 मिनट मौन धारण कर उनकी आत्मा को ईश्वर से शांति देने की कामना की शोक सभा में अनेक लोग शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी महामंत्री मार्तंड देव बुंदेला अनीश खान युवा कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा दीपक तिवारी अंकित शर्मा शिव प्रकाश दीक्षित शशीकांत दिक्षित डॉक्टर कदीर खान राजबहादुर पटेल अभिषेक चौरसिया सरदार सिंह यादव जगतपाल सिंह सौरभ पटेरिया पिंकू सिद्दीकी गुड्डा खान राजन यादव आदि लोग शामिल हुए।

### सेन समाज ने दी श्रद्धांजलि

**पन्ना, देशबन्धु।** गत दिवस सतना जिले के सोहावल जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष। एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुमार सेन का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया जिसकी खबर सुनकर सेन समाज में शोक की लहर व्याप्त है उनके निधन पर तथा गुजरात में हुए विमान हादसे में मारे गए दो सैकड़ा से अधिक लोगों को को सेन समाज द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि देते शोक व्यक्त किया है।

## श्री अन्न अभियान कार्यक्रम बना पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए मिसाल

**पन्ना, देशबन्धु।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा अपने भोजन में मोटा अनाज शामिल किया है जवानों द्वाराभोजन मैं 30न मोटा अनाज शामिल किया है जिसको लेकर पूरे देश में सराहना हो रही है तथा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी दैनिक जीवन में प्रभावी कदम माना जा रहा है।

> **सीआईएसएफ के जवानों ने भोजन में मोटा अनाज किया शामिल**

उक्त कदम ग्रहमंत्रालय के मार्गदर्शन में लिया गया है ज्ञात होगी वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मोटा अनाज दिवस घोषित किया गया था तथा इसी के उपलक्ष में मोटा अनाज को भोजन में अन्य योजना के तहत शामिल किया गया था। । उच्च मुख्यालय के निर्देशानुसार डीएपी पन्ना इकाई द्वारा भी श्री अन्य योजना मोटा अनाज को शामिल करके सराहनीय कार्य किया है तथा अधिक से अधिक मोटा अनाज का इस्तेमाल जवानों द्वारा अपने भोजन के साथ किया जा रहा है साथ ही उक्त संबंध में ग्रामीणों को भी जागरूक डीएम पी इकाई पन्ना द्वारा किया जा रहा है कि अपने भोजन में 30 प्रतिशत से अधिक मोटा अनाज का उपयोग करें फोटो मोटा अनाज में रागी की रोटी सहित अन्य चीज शामिल की गई है।

## वर्षाकाल के पूर्व करें सभी आवश्यक तैयारियां पूरी : कमिश्नर

**शहडोल, देशबन्धु।** वर्षाकाल के पूर्व वे सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं, जिससे आम जनजीवन प्रभावी नहीं हो। आयुक्त शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में वर्षाकाल के पूर्व की तैयारियों के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों एवं नालों की सफाई कराने, बाढ़ वाले क्षेत्र के स्थानों को चिन्हित करके बाढ़ की स्थिति में वहां के निवासियों को सुरक्षित स्थान में पहुचाने हेतु राहत केन्द्र स्थापित करने, ऐसे पुल, पुलिया, रपटे, जलाशय जो मरम्मत योग्य हैं उनकी मरम्मत कराने, ऐसे नदी नालों की पहचान करने जहां उन पर बनाए गए रपटों, पुल, पुलियों में वर्षा काल में पानी ऊपर से बहने लगता है।

उन स्थानों में संकेतक स्टापर तथा ड्रापगेट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों में वर्षाकाल में मिट्टी का कटाव होता है अथवा जिन बस्तियों में पानी के भराव की आशंका हो को चिन्हित कर पूर्व से ही पानी निकासी की व्यवस्था कर ली जाए। उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण तथा पालतु पशुओं के लिए चारे आदि की व्यवस्था भी कर ली जाए।

बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह,



कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडु, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर-रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, अनूपपुर तन्मय वशिष्ट, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग, तीनों जिलों के सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, लोक अभियोजन अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुक्त शहडोल संभाग ने वर्षाकाल के दौरान जिला एवं तहसील स्तरों पर कंट्रोल रूम की स्थापना करने वहां, 24 घंटे के लिए शिफ्टवार डिय्यूटी लगाने, वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में संचार व्यवस्था एंव सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। वर्षाकाल में होने वाले संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु आगनवाड़ी केन्द्रों एवं एएनएम के पास आवश्यक दवाओं का भण्डारण कराने, पूर्व वर्षों में जिन स्थानों में संक्रामक बीमारियों के फैलने की रिपोर्ट है वहां पहले से ही आवश्यक व्यवस्था करने जिला स्तर पर बाढ़ आपदा प्रबंधन टीम को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। वर्षाकाल में ज्यादातर बीमारियां प्रदूषित जल के उपयोग से फैलती हैं।

इसके लिए पेयजल स्त्रोतों कुओं, नलजल योजना, तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों में दवा का छिड़काव कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई।

## कोल जनजाति प्राधिकरण के अध्यक्ष का उमरिया दौरा, राहुल के घोड़े वाले बयान को बताया गलत

**उमरिया, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल उमरिया पहुंचे। गुरुवार को उन्होंने सामुदायिक भवन में मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रौतेल ने मीडिया से बातचीत में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर नाराजगी जताई।



रौतेल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की तुलना घोड़े से करना उचित नहीं है। लक्ष्मण सिंह के कांग्रेस से निष्कासन पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। रौतेल ने कहा कि लक्ष्मण सिंह भाजपा में सांसद रह चुके हैं। सच बोलने के लिए उनका निष्कासन गलत है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने संकल्प से समृद्धि अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता अशोक गौंटिया ने रौतेल के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि रौतेल को भाजपा की चिंता करनी चाहिए। कांग्रेस अनुशासित पार्टी है। यहां छोटे-बड़े सभी नेताओं पर अनुशासन भंग करने पर कार्रवाई होती है।

## आकांक्षा योजना अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए 24 तक ऑनलाइन आवेदन करें

**पन्ना, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जी, नीट एवं क्लैट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं वर्तमान में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके तहत भोपाल में जी प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के लिए 400 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसी तरह इंदौर में नीट तथा जबलपुर में क्लैट प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के लिए 200-200 विद्यार्थियों का चयन कर दो वर्ष की नि:शुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट एवं अध्ययन के लिए इंटरनेट व डाटा प्लान की सुविधा भी नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। कोचिंग संस्था द्वारा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों को एमपी टॉस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है।

जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि आवेदक को अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य होने के साथ मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना भी आवश्यक है। आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 8 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। इस संबंध में हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विभागीय विशिष्ट आवासीय संस्थाओं के प्राचार्यों व सीनियर एवं उत्कृष्ट छात्रावासों के अधीक्षकों को भी विद्यार्थियों को योजना की जानकारी प्रदान कर अधिकाधिक संख्या में आवेदन कराने के लिए निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा गैर आदिवासी जिलों से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों के आवेदन के निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या पर टोल फ्री नंबर 1800-2333-951 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 864 किशोर-किशोरियों को प्रदान की गई परामर्श सेवाएं

### सीएमएचओ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की बैठक आयोजित



**उमरिया, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वीएस चंदेल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम 10 से 19 वर्ष की आयु किशोरावस्था जीवन में उपलब्धि के अपार संभावनाओं से भरा होता है लगभग प्रदेश की कुल जनसंख्या का 22 प्रतिशत भाग किशोर किशोरियों की है। उन्होंने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य और विकास को प्रगति के अवसर प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं को कम करने में किशोर किशोरियों की मदद करने में उमंग स्वास्थ्य केंद्र सकारात्मक नजर आ रहा है। समीक्षा के दौरान अप्रैल एवं मइ 2025 दो माह का अवलोकन किया गया।

बैठक में बताया गया कि जिले में तीन उमंग स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 864 किशोर किशोरियों को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई जिसमें से 547 किशोरियों एवं 317 किशोर को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई एवं उन्हें में से 162 किशोर किशोरियों को आवश्यकता अनुसार चिकित्सा सुविधा भी किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा उपलब्ध करवाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीएस चंदेल द्वारा उमंग स्वास्थ्य क्लीनिक में पदस्थ किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाताओं को मानसिक रोग से पीड़ित किशोर किशोरियों को मनकक्ष जिला चिकित्सालय उमरिया में रेफर करने निर्देशित किया गया।

बैठक में उमंग स्वास्थ्य केंद्र में संधारित रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया एवं आगामी समय में स्कूल एवं छात्रावास महाविद्यालय का भ्रमण कर आउट गतिविधि का प्लान बनाकर संपादित करने के लिए एवं उमंग टोल फ्री नंबर 14425 चौट बॉक्स 8657024841 एवं टेली मानस हेल्पलाइन 14416 को प्रचार प्रसार करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि उमंग स्वास्थ्य केंद्र किशोर किशोरियों के परामर्श के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है जिसमें किशोर एवं किशोरिया खुलकर अपने प्रश्नों एवं चिताओं को परामर्शदाता से बता सकते हैं जिससे किशोर किशोरियों को उचित सलाह एवं निर्णय लेने में सहायक होता है। बैठक में जिला समन्वय, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक मानपुर रेखा वाधवानी, किशोर स्वास्थ्य परामर्शदा पूनम मिश्रा मानपुर, राकेश चौधरी चंदिया व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला प्रबंधक 108 ने नए सीएमएचओ का किया स्वागत



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** जय अंबे इमरजेंसी जिला प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने न डॉक्टर चंदेल सीएमएचओ उमरिया का क्या स्वागत जिला प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने उनसे मिलकर उन्हें बधाई दी और कहा आपके पदभार ग्रहण करते ही हमारे स्टाफ में उसी का माहौल निर्मित है और हमारा स्टाफ सार्थकता से अपना कर्तव्य निभाते रहेगा काहे दिल से सब का इस्तकबाल किया कार्यक्रम में उपस्थित रहे सीएमएचओ डॉक्टरचंदेल दादा जिला प्रबंधक सत्येंद्र वर्म शेख सरफराज आशु श्रीवास्तव मोहम्मद अली अफसर अली आदि सभी स्टाफ बधाई संदेश दिया